// उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 652/2022 दिनांक/Date : 8/7/2022

संवाद–245

विषयः– आयोग के विज्ञापन संख्या–40 दिनांक 10.12.2021 के पाठयक्रम के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–40 दिनांक 10.12.2021 के अंतर्गत उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0 के अवर अभियंता(प्रशिक्षु)(जानपद) के 25 पदों, पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन उत्तराखण्ड के अंतर्गत अवर अभियंता(प्रशिक्षु)(जानपद) के 05 पदों, अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता के 10 पदों तथा जल विद्युत निगम लि0 के अंतर्गत अवर अभियंता(प्रशिक्षु)(विद्युत एवं यांत्रिकी) के 25 पदों अर्थात कुल 65 रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।

उक्त भर्ती विज्ञापन के संबंध में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आयोग को ईमेल व पत्राचार के माध्यम से यह पृच्छा की जा रही है कि इन पदों की परीक्षा कॉमन पेपर के आधार पर होगी या अलग–अलग।

इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि अवर अभियंता जानपद, इलैक्ट्रिकल तथा मैकेनिकल हेतु 100 अंकों की वस्तुनिष्ठ प्रकार की अलग–अलग परीक्षा होगी। अभ्यर्थी स्वेच्छा से परीक्षा की किसी भी शाखा का चयन कर सकते है।

यह भी सूचित करना है कि आयोग द्वारा जारी अवर अभियंता जानपद (सिविल) के पाठ्यक्रम में त्रुटिवश प्रयोगात्मक परीक्षा को भी सम्मिलित किया गया है। अतः अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि आयोग द्वारा जारी पाठ्यक्रम के प्रयोगात्मक भाग को छोड़कर प्रश्न पूछे जायेंगे।

आयोग की ओर से,

(संतोष बडोनी)
सचिव।